**Patrika (Indore), 08 July 2025, Page – Plus 02**

## आइआइटी इंदौर का 13वां दीक्षांत समारोह

# 809 विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री, 6 स्वर्ण-8 रजत पदक विजेताओं का होगा सम्मान

पत्रिका
पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**इंदौर.** आइआइटी इंदौर का 13वां दीक्षांत समारोह 12 जुलाई को होगा। एचसीएल के सह संस्थापक और पद्मभूषण डॉ. अजय चौधरी मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता आइआइटी इंदौर के शासी मंडल अध्यक्ष और इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. सिवन करेंगे। संस्थान के निदेशक प्रो. सुहास एस. जोशी मेजबानी करेंगे।

इस साल 809 विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी जो संस्थान के इतिहास में सबसे बड़ी संख्या है। डिग्री प्राप्त करने वाले विंद्यार्थियों में पीएचडी के 131, बीटेक के 339, एमटेक के 132, एमएस (रिसर्च) के 25, एमएससी के 106, बीटेक-एमटेक (ड्यूल डिग्री) के 1 और एमएसडीएसएम (डाटा साइंस और मैनेजमेंट) के 75 विद्यार्थी हैं।

समारोह में पांच नए एमटेक कार्यक्रमों की पहली बैच के विद्यार्थी भी डिग्री प्राप्त करेंगे। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 6 विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। इनमें राष्ट्रपति स्वर्ण पदक, बूटी फाउंडेशन स्वर्ण पदक, वीपीपी मेनन स्वर्ण पदक, संस्थान स्वर्ण पदक शामिल हैं। दो नए 'अगम प्रसाद मेमोरियल स्वर्ण पदक व श्री गण्टि सुभा राव तथा गण्टि वेंकट रमानी पुरस्कार' की शुरुआत की गई है। विभिन्न विषयों में संस्थान रजत पदक के 8 प्राप्तकर्ता और सर्वश्रेष्ठ बीटेक परियोजना पुरस्कार के एक विजेता को सम्मानित किया जाएगा।